*ई-मेल
पीड पोस्ट/निबंधित
डाक

पत्रांक–**ना0सु**0/48/2026-SEC-03-UDHD DEPT /न०वि०एवंआ०वि०

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

राजीव शंकर,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०),
बिहार, पटना।

***द्वारा–आन्तरिक वित्तीय सलाहकार**

पटना, दिनांक–

विषयः– राज्य के 18 नगर निगमों में कार्तिक छठ महापर्व, 2026 के अवसर पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न घाटों पर मूलभूत सुविधाएँ तथा विधि व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में विशेष स्वच्छता अनुदान मद से कुल राशि ₹360.00 लाख (तीन करोड़ साठ लाख रू०) मात्र सहायक अनुदान के रूप में राशि व्यय की स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

कार्तिक छठ महापर्व, 2026 के अवसर पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को विभिन्न घाटों पर मूलभूत सुविधाएँ तथा अस्थायी नियंत्रण कक्ष निर्माण बैरिकेडिंग, वॉच टॉवर, चेंजिंग रूम, यात्री शेड, अस्थायी शौचालय, यूरिनल, सी०सी०टी०वी०, टेबुल, कुर्सी, ध्वनि विस्तारक यंत्र लाईट, जेनरेटर, फ्लैक्स की छपाई इत्यादि व्यवस्थाएँ करने हेतु प्रति नगर निगम ₹20.00 लाख रू० आवंटित किया जाना है।

2. उक्त के आलोक में राज्य के नगर निगमों में कार्तिक छठ महापर्व, 2026 के अन्तर्गत विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराये जाने वाले विभिन्न सुविधाएँ तथा विधि व्यवस्था हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ–5 के अनुरूप कुल ₹360.00 लाख (तीन करोड़ साठ लाख रू०) सहायक अनुदान के रूप में राशि के व्यय की स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जाती हैः–

(राशि लाख में)

क्र०सं०	नगर निकाय का नाम	पी०एल० खाता	HOA संख्या	कुल आवंटित राशि
1	*2*	*3*	*4*	*5*
1	नगर निगम, गया	GYAPLA014	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
2	नगर निगम, बिहारशरीफ	NLDPLA006	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
3	नगर निगम, भागलपुर	BGPPLA013	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
4	नगर निगम, मुजफ्फरपुर	MUZPLA015	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
5	नगर निगम, दरभंगा	DBGPLA012	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
6	नगर निगम, पूर्णियाँ	PRNPLA012	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
7	नगर निगम, सासाराम	RTSPLA010	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
8	नगर निगम, आरा	BJRPLA006	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
9	नगर निगम, समस्तीपुर	STRPLA006	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
10	नगर निगम, बेगूसराय	BGSPLA010	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
11	नगर निगम, मधुबनी	MDNPLA007	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
12	नगर निगम, बेतिया	WCHPLA007	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
13	नगर निगम, कटिहार	KTRPLA007	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
14	नगर निगम, मोतिहारी	ECHPLA016	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
15	नगर निगम, मुंगेर	MGRPLA011	00-8448-00-102-0001-00-01	10.00000
16	नगर निगम, छपरा	SRNPLA003	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
17	नगर निगम, सीतामढ़ी	SMRPLA009	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000

18	नगर निगम, सहरसा	SAHPLA010	00-8448-00-102-0001-00-01	20.00000
			कुल राशि	**360.00000**

3. उक्त स्वीकृत राशि ₹360.00 लाख (तीन करोड़ साठ लाख रू०) के **निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग होगें**, जिनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में वित्त विभाग के परिपत्र सं०–2561, दिनांक–17.04.98, पत्रांक– 236, दिनांक– 09.03.2026 में निहित अनुदेशों के आलोक में की जायेगी। ***अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राशि नगर निकाय के संबंधित PL खाता संख्या तथा HOA में CFMS के माध्यम से Inter*** *Departmental विधि से Online हस्तांतरित किया जाएगा।*

4. राशि के भुगतान के पश्चात् विभागीय पत्रांक– 63, दिनांक– 11.01.2019 के आलोक में उपयोगिता प्रमाण–पत्र BTC- 42A फॉर्म में तैयार कर रोकड़ बही की संबंधित पृष्ठ की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निश्चित रूप से विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। वित्त विभाग के संकल्प सं०– 573, दिनांक– 16.01.1975 एवं एम 04–15/2009–9736, दिनांक– 19.10.2011 एवं बिहार कोषागार संहिता के नियम 271(ड़) के अनुसार "सहायता अनुदान की राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र स्वीकृत्यादेश की तिथि से 18 माह के अंदर महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) बिहार, पटना के कार्यालय को प्रेषित किया जाना है।"

5. स्वीकृत कुल राशि ₹360.00 लाख (तीन करोड़ साठ लाख रू०) की निकासी मांग संख्या– 48 नगर विकास एवं आवास विभाग, मुख्य शीर्ष– 2217–शहरी विकास, उपमुख्य शीर्ष– 01–राज्य की राजधानी का विकास, लघुशीर्ष– 191– नगर निगम को सहायता, उपशीर्ष– 0124– विशेष स्वच्छता अनुदान विपत्र कोड– 48-2217011910124, विषय शीर्ष 0124.31.06 सहायक अनुदान गैर वेतन से की जाएगी।

6. आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–**ना0सु**0/48/2026-SEC-03-UDHD DEPT के पृष्ठ सं०–NOTE#6/टि० पर दिनांक–23/10/2026 को प्राप्त है एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन पृष्ठ सं०–..... NOTE#14/टि० पर दिनांक–04/11/2026 को प्राप्त है ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–**ना0सु**0/48/2026-SEC-03-UDHD DEPT 237 /न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक– 06/11/26

प्रतिलिपिः– आयुक्त, संबंधित प्रमंडल/संबंधित जिला पदाधिकारी/नगर आयुक्त, संबंधित नगर निगम/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/कोषागार पदाधिकारी, संबंधित कोषागार, बिहार/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग/विभागीय लेखापाल/योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (बजट प्रशाखा)/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/स्थानीय लेखा परीक्षक, पटना/विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित नगर निकायों को ई०–मेल करने हेतु/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा– 02 एवं 06 नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।